पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)
——————

प्रसिद्ध हास्य कलाकार श्री राजू श्रीवास्तव के निधन पर राज्यपाल दुःखी

——————

लखनऊः 21 सितम्बर, 2022

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने प्रसिद्ध हास्य कलाकार श्री राजू श्रीवास्तव के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है।

राज्यपाल जी ने अपने शोक संदेश में कहा कि श्री राजू श्रीवास्तव का निधन कला जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। वे उत्तर प्रदेश फिल्म विकास परिषद के अध्यक्ष भी रहे। उनका प्रदेश की परंपरागत कला की विधाओं को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा।

राज्यपाल जी ने दिवंगत आत्मा को शांति तथा उनके शोकाकुल परिजनों व प्रशंसकों को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से कामना की है।

——————

चन्द्र विजय वर्मा—सूचना अधिकारी/राजभवन (104/25)
सम्पर्क सूत्र 9044381834